प्रादेशिक समाचार
दिनांक–05.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि केरलम, तमिलनाडु, कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, गोआ या तेलंगाना में लोकसभा की सीटें कम न होने पाएं। केरलम में तिरूवल्ला में एक रैली में उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाई जा रही है कि बेहतर जनसंख्या नियंत्रण के कारण दक्षिणी राज्यों की सीटें कम हो सकती हैं। श्री मोदी ने आश्वस्त किया कि सरकार लोगों के प्रतिनिधित्व की रक्षा के लिए कानूनी गांरटी देगी। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रस्ताव को समर्थन दें।

****

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

****

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में कल से दो दिवसीय **इंवेंटिव 2026** का आयोजन होगा। राज्यपाल संतोष गंगवार इसका उद्घाटन करेंगे। संस्थान के निदेशक सुकुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश के कई आईआईटी संस्थान अपने नवाचार और शोध का प्रदर्शन करेंगे, जिसका मुख्य फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर जैसे विषयों पर रहेगा।

****

कोल इंडिया इस महीने ऑनलाइन नीलामी के जरिए दो करोड़ 56 टन कोयले की आपूर्ति करेगा। पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की बढ़ती मांग और आपूर्ति बाधाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसमें महानदी कोलफील्ड्स सबसे ज्यादा 85 लाख टन कोयले की पेशकश करेगी।

****

साहिबगंज के बोरियो–तीनपहाड़ मार्ग पर स्टोन चिप्स लदे एक हाइवा में भीषण आग लग गई। चालक और खलासी ने चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

****

धनबाद जिले के मुनीडीह में बीती रात गैस कटर सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हुआ है। इस विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों का इलाज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है।

****

आज झारखंड सहित देशभर में ईस्टर का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जमशेदपुर में ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघरों और कब्रिस्तानों में जुटकर प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवन की खुशी में प्रार्थना कर रहे हैं। पूर्व सांसद सुमन महतो ने भी इस मौके पर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

मौसम विभाग ने रांची, सिमडेगा, पलामू, गढ़वा, चतरा और हजारीबाग सहित राज्य के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में आज 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। प्रशासन ने लोगों को खराब मौसम में घरों के अंदर रहने की सलाह दी है।

****

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज दो मैच खेले जाएंगे। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। हैदराबाद में ये मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से होगा। दूसरा मैच चेन्नई में शाम साढ़े सात बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा।

*********समाप्त***********